लुधियाना - अंबेडकर नवयुवक दल की ओर से 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा में अपना बहुमूल्य योगदान डालने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित करने हेतु जालंधर बाईपास के पास स्थित अंबेडकर भवन में एक सम्मान समारोह और विचारक गोष्ठी का आयोजन किया गया। दल के संरक्षक राजीव कुमार लवली ने बताया कि अंबेडकर नवयुवक दल की ओर से 14 अप्रैल को सविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर निकाली गई विशाल शोभा यात्रा को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान डालने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित करने हेतु यह प्रयास किया गया है। इस समारोह का उद्देश्य हमारी आने वाली पीढ़ियों को मिलजुल कर डॉ. बीआर अंबेडकर, श्री गुरु रविदास महाराज, भगवान वाल्मिकी और अन्य महापुरुषों से संबंधित त्योहारों को हर्ष उल्लास से मनाने हेतु प्रेरित करने के लिए किया गया है, क्योंकि बाबा साहिब अंबेडकर का सपना अभी भी साकार होना बाकी है और इसके लिए हमें प्रयासरत रहना होगा। दल के कार्यकारी प्रधान बंसी लाल प्रेमी ने कहा कि आज से करीब 5 साल पहले अंबेडकर नवयुवक दल की जिस उद्देश्य से स्थापना की गई थी, वह पूरा होता दिख रहा है और इसका प्रमाण यहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोग हैं। हमारे महापुरुषों के विचारों पर पहरा देकर समाज को सशक्त बनाने हेतु सबको एकजुट करने की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। समारोह के दौरान विभिन्न वक्ताओं द्वारा अपने विचारों को सांझा किया गया।

# जानिए कहां नहीं खुला भाजपा का खाता और कहां गई शाख

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद से -नगर पालिका फर्रुखाबाद के चुनाव में किसी ने सपने तक में नहीं सोचा होगा कि किसी बूथ पर भाजपा का खाता तक नहीं खुला होगा। यह कमाल भाजपा के जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की मां श्रीमती सुषमा गुप्ता के चुनाव में हुआ है। बूथ नंबर 168 नारायण आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में भाजपा प्रत्याशी को एक भी वोट नही मिला है। इस बूथ पर 188 लोगों ने वोट डाले किसी एक भी व्यक्ति ने कमल के फूल निशान पर मोहर न लगाकर भाजपा को दिखाया है। इस बूथ पर 51.65त्र मतदान हुआ है। यहां सपा प्रत्याशी को 150 वोट कांग्रेस को 2 बसपा को 13 निर्दलीय प्रत्याशी निशा को 9 नूतन को 6 समिता को 4 तथा सुमन व नोटा को एक एक वोट मिला है। यदि देखा जाए तो भाजपा इस बूथ सभी निर्दलीय प्रत्याशियों के अलावा पर नोटा से भी हार गई। इस बूथ पर 184 मत पडे जबकि 4 वोटों को निरस्त किया गया।

### कितने मतदान केंद्रों पर गई शाख

बूथ नंबर 103 मोहल्ला पुल खाम इकरा स्कूल में 3 वोट, बूथ नंबर 117 भारतीय कॉलेज में 2 वोट, बूथ नंबर 18 भारतीय कॉलेज में 3, बूथ नंबर 209 रहमानी गर्ल्स कॉलेज मोहल्ला सलावत खां में 3 वोट, बूथ नंबर 223 लिंजीगंज मैं 5 वोट, 224 लिंजीगंज में 7 वोट बूथ नंबर 225 लिंजीगंज में मात्र 2 वोट मिले हैं।

### कहां खूब खिला कमल

271 मतदान केंद्रों में भाजपा को करीब 7 बूथों झंकार कमल खिला है इन बूथों पर भाजपा को 250 से अधिक वोट मिले हैं। बूथ नंबर 27 भोपत पट्टी स्कूल में 254 वोट, बूथ नंबर 80 नेकपुर स्कूल में 311 वोट, बूथ नंबर 141



टाउन हॉल पर 300 वोट बूथ नंबर 202 रस्तोगी पाठशाला मोहल्ला जोगराज में 256 बूथ नंबर 246 तहसील सदर में 354 एवं बूथ नंबर 252 सनातन धर्म पाठशाला में 305 वोट मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी को डाक से 23 वोट मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी को 27 कांग्रेश व आम आदमी पार्टी को 1-1 वोट बसपा प्रत्याशी को 66 एवं निर्दलीय सुमन वक नोटा को एक एक वोट मिला है। भाजपा प्रत्याशी को कुल 31064 वोट मिले हैं। जबकि सपा प्रत्याशी को 32 688 कांग्रेस प्रत्याशी को 1105 आम आदमी पार्टी को 18 72 बसपा प्रत्याशी को 35580 वोट। निर्दलीय प्रत्याशी निशा को 2118 नूतन को 1247 विट्टो देवी को 201 शिखा 395 समिता को 1289 सुमन को 2593 एवं नोटा को 233 वोट मिले हैं। 4990 वोट निरस्त किए गए। कुल 11 0 385 वोट वैद्य पाए गए।

### मिथिलेश अग्रवाल से भी कब मिले वोट

बीते चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल को 31 447 बोट मिले थे वह दूसरे नंबर पर रही थी। मालूम हो कि श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल कायमगंज निवासी हैं जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता व उनकी मां श्रीमती सुषमा गुप्ता नगर फर्रुखाबाद की मूल निवासी है। इसके बावजूद उनको 383 वोट का मिले हैं। जिस दिन भाजपा प्रत्याशी की घोषणा हुई थी उसी दिन से लोग कहने लगे कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाएगा। जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने अपनी मां को चुनाव जिताने के लिए सूबे के दोनों उप मुख्यमंत्रियों के अलावा काबीना मंत्री नंद गोपाल नंदी को भी चुनाव प्रचार के लिए बुलाया था। जिले के प्रभारी मंत्री ने भी डेरा डाल दिया था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अलावा सांसद विधायक एमएलसी ने भाजपा को जिताने के लिए ताकत लगाई।जिला अध्यक्ष को खूब मालूम है कि पार्टी के नेताओं ने चुनाव हरवाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। यदि पार्टी के नेता सही कार्य करते तो भाजपा दूसरे नंबर पर आ जाने से इतनी किरकिरी नहीं होती।

### रुपेश की कुर्सी को खतरा

चुनाव हारने के साथ ही जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की मतगणना के दौरान हुई पिटाई के मामले में कोई कार्रवाई न किए जाने से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त रोष व्याप्त है। ऐसी परिस्थितियों में रूपेश गुप्ता की जिलाध्यक्षी पर भी सवालिया निशान लगाया जा रहा है।

# नृशंसता की पार की हद: एफसीआई अफसर की पत्नी पर चाकू से किए ताबड़तोड़ 33 वार; जिसे पनाह दी, उसी ने छीन ली जिंदगी





लखनऊ में एफसीआई अफसर की पत्नी पर कातिल ने चाकू से ताबड़तोड़ 33 वार किए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि सिर पर भी भारी चीज से प्रहार किया था। टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बनकर अनामिका के नंबर पर डिवाइस अपग्रेड करने का मैसेज भेजा था। पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। लखनऊ में एफसीआई अफसर की पत्नी अनामिका सिंह (35) हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साजिश के तहत अफसर के नौकर अर्जुन सोनी का साथी इटौंजा निवासी वीरेंद्र कुमार यादव लूट करने पहुंचा था। इस दौरान अनामिका ने मोर्चा ले लिया था। तब उसने चाकू से गोदकर मार दिया और फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने पूरी वारदात कुबूली है। हत्या के आरोपी वीरेंद्र यादव ने नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। अनामिका पर चाकू से 33 बार वार किए। शरीर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं था जहां पर जख्म न हो। पूरा शरीर ही छलनी कर दिया। आखिरी सांस तक चाकू से गोदता रहा। सिर पर भी भारी चीज से एक बार वार किया। ये खुलासा अनामिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। गर्दन, चेहरे व सिर पर ही 15 वार हैं, शरीर के बाकी हिस्सों पर जख्म के 18 निशान हैं। शनिवार को जब अनामिका के पिता दुबई से लखनऊ पहुंचे तब पोस्टमार्टम कराया। जो नौकर अर्जुन सोनी ढाई साल से आदर्श के घर पर रह रहा था उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया। इसमें भी लापरवाही बरती। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि बृहस्पतिवार को वीरेंद्र, अर्जुन साहू से मिलने पहुंचा था। तब उसका मकसद था रेकी करना। रेकी करने के दूसरे ही दिन वारदात को अंजाम दिया। वहीं जब वारदात को अंजाम देकर वीरेंद्र भाग गया था तब अर्जुन ने आदर्श को फोन कर बताया था कि अनामिका का कोई कत्ल करके चला गया है।

## जिसे पनाह दी, उसी ने जिंदगी छीन ली

अनामिका के परिजन वारदात के बाद से स्तब्ध हैं। परिजनों ने बताया कि जब इस घर में केवल नौकर अर्जुन रहता था तब आदर्श उससे मामूली किराया लेते थे। जब वह यहां रहने आए तो पहले तीसरी मंजिल पर उसका कमरा बनवाया। ताकि उसे कोई दिक्कत न हो। किराया भी माफ कर दिया था। मदद भी करते रहते थे।

## कंपनी का कर्मचारी बन संपर्क करे तो हो जाएं सतर्क

एफसीआई अफसर की पत्नी अनामिका की हत्या करने के लिए आरोपियों ने नायाब तरीका अपनाया। एक दिन पहले एक फर्जी मैसेज अनामिका को भेजा। इसे टेलीकॉम कंपनी का दर्शाया। उसमें अपना नंबर भी लिखा। अनामिका ने मैसेज आदर्श को फॉरवर्ड कर दिया। तब आदर्श ने उस नंबर पर संपर्क किया। वीरेंद्र ने कॉल रिसीव कर खुद को कंपनी का कर्मचारी बता इंटरनेट प्लान अपग्रेड करनी की बात कही। इसके बाद दूसरे दिन यानी शुक्रवार को उसका उनके घर पर आना तय हुआ। ये पूरा खेल वीरेंद्र ने इसलिए किया जिससे वह अनामिका के घर के भीतर दाखिल हो सके। इसलिए जरूरत है कि सावधानी बरतें। इस तरह से कोई शख्स कंपनी का अधिकारी व कर्मचारी बनकर संपर्क करता है तो सत्यापन जरूर कर लें।

# मां मेरी मैम बहुत गंदी हैं: मासूम बोली- वो मुझे बाथरूम में ले गई थी, उन्होंने मेरे साथ गंदी हरकत की

महराजगंज के एक निजी स्कूल में शिक्षिका द्वारा बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के मामले में नया खुलासा हुआ है। पहचानने के बाद भी शिक्षिका से पूछताछ नहीं हुई है। डीएम से मिलकर बच्ची की मां ने पुलिस मनमानी की शिकायत की है। बच्ची ने कहा कि मैम बाथरूम में ले गई थी।महराजगंज के नौतनवां कस्बे के एक निजी स्कूल में शिक्षिका के बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के मामले में रोज नए राज खुल रहे हैं। बच्ची की मां ने आरोप लगाया है कि बेटी ने शिक्षिका को चिह्नित कर लिया था। बावजूद इसके मनमानी पर उतारू पुलिस ने उससे पूछताछ नहीं की। उन्होंने कहा कि लगता है पुलिस दबाव में आ गई है। उधर, शनिवार की शाम को बच्ची की मां और उसके नाना ने डीएम से मुलाकात कर शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग की। मां ने कहा कि कार्रवाई नहीं हुई तो वह परिवार के साथ धरने पर बैठेगी। बच्ची की मां डीएम को अपनी बात बताने के बाद बाहर निकलीं तो उन्होंने कहा कि अब गंदी हरकत करने वाली शिक्षिका नहीं बच पाएगी। उनकी पूरी कारस्तानी डीएम को बता दी गई है। निष्पक्ष ढंग से जांच हुई तो उनकी कलई खुल जाएगी। बच्ची के नाना ने बताया कि इस तरह की घटना बेहद निंदनीय है। बच्चों के साथ गंदी हरकत होने से उनके जेहन पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उधर, लोग यह सवाल खड़ा करने लगे हैं कि पुलिस की यह कैसी जांच है जिससे न तो पीड़ित परिवार संतुष्ट हो पा रहा है न ही खुद पुलिस। बच्ची के नाना के अनुसार विद्यालय में सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान बच्ची ने एक शिक्षिका को पहचान लिया था। इसके बाद वह बिना किसी विरोध के प्रिंसिपल कक्ष से उठकर बाहर चली गई। करीब आधे घंटे बाद लौटी थी। इसके बावजूद पुलिस ने उससे पूछताछ नहीं की। उधर, विशेष समुदाय से जुड़े विद्यालय की घटना आंतरिक रूप से आग की तरफ फैली तो उससे ताल्लुक रखने वाले कई रसूखदार विद्यालय पर पहुंचने लगे। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ रसूखदारों के हस्तक्षेप के कारण पुलिस पूछताछ करने से पुलिस परहेज कर रही है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज की जांच 11:30 से 1:15 बजे तक की है। यदि स्कूल समय 7:30 बजे से सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला जाय तो सच्चाई सामने आ जाएगी। स्कूल की जांच के लिए कोई पत्र नहीं मिला है। वह स्कूल हमारे जांच के दायरे से बाहर है। कोई भी कार्रवाई नियमानुसार की जा सकती है।-आशीष कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बेहद बारीकी से सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच में कोई साक्ष्य नहीं मिला। अन्य स्त्रोतों से पूछताछ की गई। लेकिन, पुख्ता साक्ष्य हाथ नहीं लगे। ऐसे में किस आधार पर केस दर्ज कर लिया जाय। फिलहाल जांच चल रही है। - सत्यप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष, नौतनवां



## डीएम को सुनाई पीड़ा, निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा

बच्ची की मां व उसके नाना शनिवार की देर शाम डीएम से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी। डीएम ने बच्ची से भी पूछताछ की। डीएम के अनुसार बच्ची सटीक जानकारी नहीं दे पा रही थी। अलबत्ता बच्ची की मां ने शिक्षिका की करतूत बताई। बच्ची के नाना ने बताया कि डीएम ने करीब आधे घंटे तक घटना के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पहले तो डीएम से मिलने में इधर-उधर भटकना पड़ा। लेकिन, देर शाम को मुलाकात हो गई। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। सत्यता के आधार पर कार्रवाई होगी। शिकायती पत्र के आधार जांच के लिए पुलिस को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# किशोरी से छेड़छाड़.फिर धर्म परिवर्तन का दबाव, भाई-बहन समेत तीन पर रिपोर्ट



हारून बक्श
क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में किशोरी से छेड़छाड़ और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने मऊदरवाजा थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। फर्रुखाबाद जिले में घर से बहलाफुसला कर ले जाने के बाद किशोरी से छेड़छाड़ तथा धर्म परिवर्तन का दबाव डालने के मामले में पुलिस ने भाई-बहन समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में है। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को टाउनहाल के नीचे बहारबाग निवासी फैजान शुक्रवार सुबह बहला-फुसला कर घर से ले गया था। फर्रुखाबाद जिले में घर से बहलाफुसला कर ले जाने के बाद किशोरी से छेड़छाड़ तथा धर्म परिवर्तन का दबाव डालने के मामले में पुलिस ने भाई-बहन समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक पुलिस की गिरफ्त में है। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को टाउनहाल के नीचे बहारबाग निवासी फैजान शुक्रवार सुबह बहला-फुसला कर घर से ले गया

था।जानकारी पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पिता परिजनों के साथ खोजबीन करते पांचाल घाट निवासी फैजान की बहन तराना के घर पहुंचे। वहां किशोरी मिल गई। किशोरी पर धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनाने का दबाव बनाया गया। उसके साथ फैजान ने छेड़छाड़ भी की। परिजनों को देख फैजान और उसके साथी ने गाली-गलौज की। पुलिस की मदद से किशोरी और आरोपी को थाने लाया गया। थाना अध्यक्ष ने उचित कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

# राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 19 मई से आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट -2023 रविवार को संपन्न हो गया




राजकुमार केसरवानी
क्यूँ न लिखूँ सच

नैनीताल- राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 19 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2023'', रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से 125 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन दिनेश पंवार रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। विजेता बेस्ट नेट विशाल बंसल और उपविजेता ग्रुप कैप्टन विवेक रावत रहे। टूर्नामेंट में पहली बार होल इन वन का खिताब तीन गोल्फरों, टी पी सिंह, विकास टंडन और राघव कारला को मिला। सुपर वेटरन ग्रास कैटेगरी में कर्नल एस सी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में कर्नल यू सी कोठारी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टी धौन विजेता और सुजाता कादयान उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में मयंक गुप्ता विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में ग्रुप कैप्टन एन पी सिंह विजेता रहे। विजेन्द्र जीत सिंह तोमर और रुसांक सिजवाली को उदीयमान गोल्फर का खिताब दिया गया। मेधांश एस बिष्ट को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में 15-18 आयु वर्ग में विजेता राघव कालरा रहे। (12-15) आयु वर्ग में प्रथम विवान अग्रवाल और 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में मोहम्मद माज मंसूर विजेता घोषित किए गये। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने विजेता गोल्फरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी गोल्फरों ने यहां गोल्फ खेलने के साथ-साथ यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद अवश्य लिया होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन सही मायनों में उत्तराखंड पर्यटन के ब्रांड ऐम्बेसडर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जब वे नैनीताल से वापस अपने घरों को जाएंगे तो यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां की की खूबसूरती, यहां के अतिथ्य के बारे में और लोगों को बताएंगे, उन्हें उत्तराखंड का भ्रमण करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल्फ प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य नैनीताल सहित उत्तराखण्ड के पर्यटन का प्रचार-प्रसार करना है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया गया है। राजभवन गोल्फ कोर्स को स्कूली बच्चों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने गोल्फ में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती रूचि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट को और अधिक बेहतर किए जाने का प्रयास किया जाएगा। गोल्फ क्लब के सचिव/परिसहाय मेजर तरूण कुमार ने इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत, आई जी डॉ. निलेश आनंद भरणे, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, एसएसपी पंकज भट्ट, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, गोल्फ क्लब के सबसे पुराने सदस्य स्क्वाड्रन लीडर डी एस मजीठिया, सचिन वेद प्रकाश मोहार सहित गोल्फर्स और उनके परिजन उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन गोल्फ कैप्टन कर्नल(रिटा.) हरीश चन्द्र शाह द्वारा किया गया।

# सूरजपुर पुलिस ने चलाया निगरानी व गुण्डा बदमाशों का चेकिंग अभियान, बदमाशों में मचा हड़कंप



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले की पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से जिले के हिस्ट्रीशीटर और निगरानीशुदा बदमाशों पर सख्ती बढ़ा दी है और निगरानी व गुंडा बदमाशों की गतिविधियों की तस्दीक किया जा रहा है। ताकि बदमाश किसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल न हो सकें। पुलिस के इस अभियान से बदशामों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने जिले में कानून व्यवस्था मजबूत रखने व थाना क्षेत्र के निगरानी व गुंडा बदमाशो की गतिविधियों की जांच के करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में जिले के थाना-चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के निगरानी व गुण्डा बदमाशों की चेकिंग का अभियान चलाया। थाना-चौकी के पुलिस अधिकारी व जवानों के द्वारा निगरानी व गुण्डा बदमाशों के घरों पर जाकर उन्हें चेक किया और बदमाश वर्तमान में किस प्रकार अपना गुजर बसर कर रहे उसकी तस्दीक किया। चेकिंग के दौरान कोई बदमाश घर में मिला, कोई खेती-किसानी करते तो कोई बाजार में घूमता नजर आया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बदमाशों को किसी प्रकार के अपराध में संलिप्त न रहने सख्त हिदायत दी। निगरानी व गुंडा बदमाशों के खिलाफ पुलिस की सख्ती लगातार जारी रहेगी।

# मिलकियां में सैय्यद अली बाबा की मजार पर उमड़ा अकीदतमंदों का भारी जनसैलाब



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। रिठौरा के मोहल्ला, खाता के मिलकियां में सैय्यद अली बाबा की मजार पर लगने वाले वार्षिक मेले का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा। अकीदतमंदों ने मजारों पर चादरपोशी की।मेले में झूले, खिलौने,काला जादू,एवं खाने -पीने? की हजारों की संख्या में दुकानें सजी हुई थीं।जिन पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी।कब्बाल फ़रियाद चिश्ती एवं उनके साथियों ने अपनी कब्बालियों से शमा बांध दिया। निवर्तमान सभापति अमित गुप्ता,सभासद कृष्णा पाल उर्फ के0पी0यादव, जाकिर मंसूरी, सचिन मिश्रा, इरशाद अंसारी, सुमित गुप्ता,मोहम्मद शाकिर अंसारी, मोहम्मद अकरम मेला अध्यक्ष अशफाक अहमद, , शमशेर, शकूर अहमद,शमशाद हुसैन, मोहम्मद आरिफ,कामिल, पप्पू, इकबाल अख्तियार अहमद, नासिर, कृष्ण कुमार गुप्ता, लोकेश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता,अनीस अहमद, यासीन अंसारी, सहित हजारों अकीदतमंद मौजूद रहे।

# पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को थाना भटगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार




रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बीते दिन ग्राम सकलपुर निवासी नान्हा राम सिंह ने थाना भटगांव में उपस्थित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाँक 20.05.2023 को दोपहर में जीतलाल अपने पत्नी मुन्नी बाई को घरेलू बातों को लेकर मारपीट कर रहा था तभी इसका भाई अमर साय बीच बचाव करने गया बोला कि बहू को क्यों मारपीट कर रहे हो, तब जीतलाल बोला कि बीच से हट जाओ नहीं तो आज तुमको पुज दूँगा कहकर मारने के लिये दौडाया तब मुन्नी वहाँ से भाग गई उसे भी मारने से सिर में चोट लगा है, उसके बाद जीतलाल अपने हाँथ में रखे लोहे के बसुला से अपने पिता अमर साय के सिर में मार दिया,

जिससे अमर साय का दाहिने तरफ सिर कट गया, खून बहने लगा जिससे जमीन में गिर गया, उसके बाद जीतलाल अपने पिता अमर साय को घर के अन्दर परछी में ले जाकर लेटा दिया,

कुछ समय बाद अमर साय की मृत्यु हो गई, अमर साय की मृत्यु जीतलाल के द्वारा लोहे के बसुला से सिर में मारने सिर कटने से हुई है। सूचना पर थाना भटगांव पुलिस ने मर्ग कायमी उपरान्त आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 323, 324 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ( भा.पु.से. ) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) ने मामले के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी जीतलाल पिता स्व. अमरसाय उम्र 37 वर्ष निवासी सकलपुर, थाना भटगांव को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने हत्या करना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बसुला जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सी.पी.तिवारी, बीएम गुप्ता, एएसआई जीपी यादव, सुमंत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुंदरलाल, करन सिंह नेताम, पूरनचंद राजवाडे, आरक्षक प्रकाश साहू, मनोज जायसवाल, विनोद सिंह, शैलेष राजवाडे, मोहम्मद नौशाद, भोला शंकर राजवाडे, भूनेश्वर पाटले, वाहिद, प्रहलाद पैकरा, विश्वरंजन सिंह व प्रभाकर सिंह सक्रिय रहे।

# मुकेश साकेत भाजपा मण्डल बिहारपुर महामंत्री नियुक्त



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भाजपा मण्डल बिहारपुर के युवा नेता मुकेश कुमार साकेत को भाजपा मण्डल महामंत्री नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैस के सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के अनुशंसा पर नियुक्त किया गया है मुकेश साकेत इससे पहले भाजयुमो जिला सह प्रभारी,भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य,भाजपा मण्डल प्रवक्ता,व विभिन्न पदों पर रह कर कार्य कर चुके हैं इस नियुक्ति उपरांत मुकेश कुमार साकेत ने मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैस एवं जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल व संगठन के प्रति आभार जताया है साथ ही उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है उसे निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने का प्रयास करूंगा वही युवा नेता मुकेश कुमार साकेत को भाजपा मण्डल बिहारपुर का महामंत्री नियुक्त किये जाने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

# Two lakh people lost their jobs in five months, claims in the report – the phase of retrenchment will continue



For people working in the field of technology, this year i.e. 2023 is worse than the previous year 2022. It can be said that the year 2023 has been the worst for technical employees and may be more, as globally, from Big Tech firms to startups, nearly two lakh technical employees have been sacked in the last five months and shown the way out. This trend is not going to stop here, as Meta, BT, Vodafone and many other companies have announced plans to leave more employees in the coming months. According to data from lay-off tracking site Layoffs.fyi, 695 tech companies have fired around 1.98 lakh employees in the five months so far this year i.e. from January to May. Laid Off 2022-23: 3.60 lakh lost jobs If compared to the last year i.e. 2022, then in 12 months from January to December 2022, 1,046 tech companies had laid off and fired a total of more than 1.61 lakh employees. In January alone this year, nearly one lakh tech workers lost their jobs globally, with companies such as Amazon, Microsoft, Google, Salesforce and others the most. Overall, around 3.60 lakh tech workers have now lost their jobs in January 2022 and till May 2023 this year.

Laid Off 2023: Meta-big tech companies to lay off six thousand employees The various reasons behind the employee layoff move over-Hiring, uncertain global macroeconomic situation, post COVID-19 scenario and many more are cited as reasons. Meta (formerly Facebook) is reportedly going to start laying off more employees in its third round of job cuts next week. While the exact number has not been confirmed, it is expected that the company will lay off around 6,000 employees in this round. Laid Off 2023: Chances of layoffs in Amazon, PXT and Zep- Amazon India this month laid off around 400-500 employees from its cloud division AWS as well as People Experience and Technology Solutions (PXT) or HR and support verticals. Fintech unicorn Zepz is about to lay off 420 employees, or 26 per cent of its workforce.

# चलबो गौठान खोलबो पोल के तहत भाजपा मण्डल बिहारपुर में कार्यक्रम किया गया



रामचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर में गौठान निरक्षण करने पहुंचे पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा भुपेश सरकार गौठान के नाम पर करोड़ों रुपए किया है गमन- जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल सूरजपुर-भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला सूरजपुर के आदेशानुसार चलबो गौठान-खोलबो पोल कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा मण्डल बिहारपुर में नवाटोला, नवगई, महुली, बिहारपुर,बसनारा,पेण्डरी के गौठानों को पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े द्वारा निरक्षण किया गया वहीं पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने भुपेश सरकार पे आरोप लगाते हुए कहा कि किसी भी गौठानों में एक भी गाय नहीं मिले ना ही चारा, पैरा, पानी बाउंड्री, गोबर कुछ नहीं मिला भुपेश सरकार द्वारा सिर्फ नाम मात्र के लिए गौठान बनाया गया है और गौठानों का स्थिति बहुत खराब है इस दौरान जिला मंत्री शिवप्रसाद सिंह,मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर बैस, राजेश तिवारी,महामंत्री हन्सेलाल जायसवाल,मुकेश कुमार साकेत, विस्तारक सुरेंद्र गुप्ता,विजय गुर्जर, बैकुंठ जायसवाल,अनिल जायसवाल,रामनरेश साहु,रामप्रताप विश्वकर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, रविशंकर खैरवार,सूरेश विश्वकर्मा,लालमन सिंह, कन्हैयालाल साहु,सूरेन्द्र पुरी, अनिल सिंह,रामफल,एवं भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता, ग्रामीण मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर निरक्षण किया गया।

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 170 उद्योग चिह्नित, 16113 करोड़ रुपये का होगा निवेश



लखनऊ सहित कई जिलों में निवेश के लिए 170 उद्योगों को चिह्नित किया गया है। इसके तहत छह जिलों लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर व रायबरेली में करीब 16113 करोड़ रुपये का निवेश होगा। राजधानी लखनऊ समेत मंडल के विभिन्न जिलों में इन्वेस्टर्स समिटि के दौरान हुए अनुबंधों को जमीन पर उतारने की कवायद को मूर्त रूप देने की तैयारी तेज हो गई है। लखनऊ में पहले चरण की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए विभिन्न सेक्टर के 170 उद्योग स्थापना के लिए चिह्नित हुए हैं। वहीं सीतापुर में 40 व उन्नाव में 11 उद्योगों को स्थापना को फिलहाल चिह्नित किया गया है।इनके लिए जमीन उपलब्ध कराने के साथ ही अन्य अड़चनें दूर करने के निर्देश मंडलायुक्त रौशन जैकब ने विभिन्न विभागों को दिए हैं। नए उद्योगों की स्थापना के संबंध में चल रही कार्रवाई को जानने के लिए मंडलायुक्त ने शनिवार को विभिन्न जिलों के अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने सभी छह जिलों लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर व रायबरेली से उनके यहां इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू और उनमें से उद्योग लगाने को तैयार लोगों की अब तक की स्थिति के बारे में पूछा। उद्योग विभाग के अफसरों का कहना है कि लखनऊ में लगभग 214 निवेशकों से संपर्क किया जा चुका है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इसमें जो 170 प्रोजेक्ट तैयार हुए हैं, उनका निवेश लगभग 16113 करोड़ रुपये का है।

## यूपी विधान परिषद: उप चुनाव में क्रॉस वोटिंग रोकना राजनीतिक दलों के लिए चुनौती, मतदान 29 मई को



यूपी विधान परिषद के उपचुनाव में क्रॉस वोटिंग रोकना राजनीतिक दलों के लिए बड़ी चुनौती है। मतदान के दौरान सपा और भाजपा के विधायकों की वोटिंग पर नजर रहेगी।यूपी विधान परिषद की दो सीटों पर हो रहे उप चुनाव में क्रॉस वोटिंग रोकना भाजपा और सपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। मतदान 29 मई को है। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह और पदमसेन चौधरी को उम्मीदवार बनाया है।सपा ने रामकरन निर्मल और रामजतन राजभर को उम्मीदवार घोषित किया है। उप चुनाव में दो सीटों के लिए दो अलग-अलग मतपत्र होंगे। इस पर सभी 403 विधायक मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सदन में भाजपा के 255, उनके सहयोगी अपना दल (एस) के 13 और निषाद पार्टी के 6 विधायक हैं। सपा के 109, रालोद के 9, सुभासपा के 6, कांग्रेस के 2, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के 2 और बसपा के एक विधायक हैं।भाजपा का पूरा फोकस अपने गठबंधन के 274 विधायकों के साथ सुभासपा के छह विधायकों के वोट हासिल करने पर है। वहीं, रालोद और सपा खेमे के असंतुष्ट विधायकों से संपर्क कर उनका मत भी हासिल करने की तैयारी है। भाजपा ने अपने और सहयोगी दलों के विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिलाने के साथ व्हिप जारी करने की योजना बनाई है। सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर का कहना है कि सपा के पास उपचुनाव जीतने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है। चुनाव लड़ने का निर्णय सपा नेतृत्व की अपरिपक्वता है। उनका कहना है कि भाजपा को 274 से ज्यादा वोट मिलेंगे।

## दो साल बाद... एटीएम से निकले गुलाबी नोट, भड़के ग्राहक बोले- अब बदलवाने के लिए लाइन लगाएं



एटीएम में दो हजार रुपये के नोट लगने करीब दो साल से बंद हैं। कई जगहों पर एटीएम से इन नोटों के ट्रे भी हटा दिए गए हैं। ऐसे में जिन एटीएम में खाली ट्रे थे, उनमें दो हजार के नोट कैसे आए, इस पर बैंक अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। दो साल बाद लखनऊ के कुछ एटीएम से गुलाबी नोट निकले। जो गुलाबी नोट देखकर चेहरे पर मुस्कान तैर जाती, एक अलग एहसास होता, उन्हें देखते ही ग्राहक लाल-पीले होने लगे। कुछ बड़बड़ाए- बैठे-बिठाए काम बढ़ा दिया। अब जमा करने या बदलवाने की मशक्कत करें। भले ही बैंक शाखाओं में दो हजार के नोट बदलने का काम 23 मई से शुरू होगा, लोग शनिवार से ही कैश डिपॉजिट मशीनों के जरिये नोटों को खाते में जमा करवाने लगे। वहीं, कुछ एटीएम से कैश निकालने पर दो हजार रुपये के नोट निकले। आशियाना में पावरहाउस चौराहे के पास मौजूद बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम में प्रकाश पैसा निकालने गए थे। उन्होंने दस हजार रुपये निकाले। कैश में पांच सौ के चार नोट तो दो हजार के चार नोट निकले। उन्होंने तत्काल कैश डिपॉजिट मशीन के जरिये दो हजार के नोटों को खाते में जमा करवा दिया। रवि रावत भी इसी परेशानी से दो-चार हुए। उन्होंने हजरतगंज स्थित एसबीआई के एटीएम से कैश निकाला तो दो हजार के नोट उनके हाथ लगे। अब वह उनके सामने नोटों को जमा करने का संकट है।

### खाली ट्रे में कैसे आए दो हजार के नोट

एटीएम में दो हजार रुपये के नोट लगने करीब दो साल से बंद हैं। कई जगहों पर एटीएम से इन नोटों के ट्रे भी हटा दिए गए हैं। ऐसे में जिन एटीएम में खाली ट्रे थे, उनमें दो हजार के नोट कैसे आए, इस पर बैंक अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बैंककर्मियों की मिलीभगत से दो हजार रुपये के नोट ट्रे में लगाए गए।


### लोगों ने किए ट्वीट-दो हजार के नोट लेने से इनकार

आरबीआई का आदेश आने के बाद राजधानी में कई जगहों पर लोगों ने दो हजार रुपये के नोटों का लेनदेन करना बंद कर दिया है। इससे आम लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। सैफ रिजवी ने चौक इलाके में एक पैथोलॉजी के दो हजार रुपये के नोट नहीं लेने पर ट्वीट किया। ऐसे ही अनिल कुमार गुप्त ने एक पेट्रोल पंप पर दो हजार के नोट नहीं लिए जाने को लेकर ट्वीट किया।

### नहीं पड़ेगा कोई फर्क...

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि दो हजार का नोट बंद होने से बाजार पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष वर्मा ने बताया कि फिलहाल सराफा बाजार में दो हजार के नोट से खरीदारी करने वाले ग्राहकों की संख्या नहीं बढ़ी है। दो से तीन दिन बाद बड़ी नोट वाले ग्राहक बाजार में निकलेंगे।

## तेरे संग रहूंगी जीजू: साली को सगाई से पहले लेकर भागा, ससुर ने कराई FIR; पत्नी ने साथ रहने के लिए मांगी कीमत



बदायूं में एक युवक अपनी साली को उसकी सगाई से एक दिन पहले भगा ले गया। पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो युवक की पत्नी भी कोतवाली में आ गई। इसके बाद खूब हंगामा हुआ। उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद में प्रेम प्रसंग का अजब मामला सामने आया है। एक युवती को अपने जीजा से प्यार हो गया। सगाई से पहले उसने परिवार से बगावत कर दी और जीजा के साथ चली गई। इस मामले में युवती के पिता ने दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। मामला थाने पहुंचा, जहां युवती जीजा के साथ रहने पर अड़ी रही। वहीं युवक की पत्नी ने अजब शर्त रख दी। मामला बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। युवक अपनी ही साली को उसकी सगाई से एक दिन पहले भगा ले गया। पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो युवक की पत्नी भी कोतवाली में आ गई। पत्नी ने कहा कि वह अपने पति की संपत्ति चाहती है। इसके बाद वह अपनी साली के साथ रहता रहे। इधर, साली युवक के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही।

### पांच मई को होनी थी सगाई

उघैती थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक की शादी बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई है। युवक का काफी समय से अपनी ही साली से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बीती पांच मई को युवती की सगाई थी। सगाई से एक दिन पहले ही युवक अपनी साली को भगा ले गया। युवक के ससुर ने उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई तो बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया था। कोतवाली में दोनों पक्षों में पंचायत हुई। पत्नी ने कहा कि वह (पति) अपनी संपत्ति उसके नाम कर दे, इस शर्त पर वह उसके साथ रहेगी। साली से पूछा गया तो उसने कहा कि वह हर हाल में अपने जीजा के साथ ही जिंदगी बिताएगी। इस संबंध में बिसौली कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला का कहना है कि युवती के कोर्ट में बयान कराए जाएंगे। फिलहाल पुलिस से उसने अपने जीजा के साथ ही रहने की बात कही है।

## दुल्हन को सफारी के बोनट पर बैठकर रील बनाना पड़ा महंगा, 15500 रुपये का चालान काटा



प्रयागराज में मेकअप कराने के बाद एक दुल्हन ने टाटा सफारी कार के बोनट पर बैठकर रील बनवाई। इसके बाद बिना हेलमेट लगाए स्कूटी चलाकर भी रील बनाई। सफारी का 15,500 का चालान हुआ है। स्कूटी का 1500 रुपये का चालान किया गया है। प्रयागराज में सफारी कार के बोनट पर बैठकर दुल्हन को रील बनाना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने कार का 15,500 रुपये का चालान काटा है। सिविल लाइंस स्थित ब्राइडल स्टूडियो में मेकअप कराने के बाद एक दुल्हन रील बनाने के लिए पत्थर गिरजाघर पर पहुंच गई। टाटा सफारी कार के बोनट पर बैठकर उसने रील बनवाई। इसके बाद बिना हेलमेट लगाए स्कूटी चलाकर भी रील बनाई। इस दौरान बड़ी संख्या में भीड़ उसे देखने के लिए जुटी रही। यह नजारा देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने सफारी के बोनट पर बैठकर रील बनाने पर 15,500 रुपये और बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने पर 1500 रुपये का चालान काटा है। बताया जाता है कि टाटा सफारी जिले के शंकरगढ़ के सौरभ कुमार के नाम पर परिवहन विभाग में पंजीकृत है। बोनट पर बैठकर रील बनाने वाली युवती का नाम वर्णिका चौधरी है जो अल्लापुर की रहने वाली है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के
24x7 KNLS लाइव हर खबर लाइव
डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
* वेलकम किट लेना अनिवार्य है
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com